HADR अभ्यास समन्वय-2022

भारतीय वायु सेना (Indian Air Force- IAF) 28 से 30 नवंबर, 2022 तक वायु सेना स्टेशन आगरा में मानवीय सहायता और आपदा राहत (Humanitarian Assistance and Disaster Relief- HADR) अभ्यास 'समन्वय-2022' का आयोजन कर रही है।

समन्वय-2022:

- **परिचय:**
  - यह **वार्षिक संयुक्त अभ्यास** है जिसमें भारत के विभिन्न हितधारक और **दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन** (Association of Southeast Asian Nations- ASEAN) देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं।
- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य संस्थागत आपदा प्रबंधन अवसंरचनाओं और आकस्मिक उपायों की प्रभावकारिता का आकलन करना है।
  - अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाले आसियान सदस्य देशों के साथ डोमेन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिये एक अनूठा मंच प्रदान करना भी है।
- **महत्त्व:**
  - समन्वय-2022 नागरिक प्रशासन, सशस्त्र बलों, **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)** आदि सहित आपदा प्रबंधन में शामिल विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय हितधारकों द्वारा HADR के प्रति एक सहक्रियात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा।
  - इस बहु-एजेंसी जुड़ाव से **प्रभावी संचार, अंतर-संचालनीयता, सहयोग और HADR के सफल संचालन के लिये उनके अनुप्रयोग** हेतु संस्थागत ढाँचे के विकास में योगदान की उम्मीद है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hadr-exercise-samanvay-2022